Dated 07.10.2024

MOIL registers Best September production & sales
Achieves 7 % production growth during April -September '24

With best ever September production of 1.46 lakh tonnes in September, 2024, MOIL continued its growth momentum. It has achieved production of 8.70 lakh tonne during first six months of the current financial year (April to September 2024), registering a growth of 7% over CPLY.

The Company has also achieved Best September sales of 1.59 lakh tonnes in September, 2024. Sales of 7.51 lakh tonnes during April-September 2024, is almost at the same level as that during corresponding period last year, despite challenging market conditions.

Giving utmost thrust to exploration, MOIL has carried out exploratory core drilling of 50,222 meters upto September, 2024 which is 1.4 times than the previous year.

Shri Ajit Kumar Saxena, CMD MOIL, mentioned that in spite of continued rainfall, the upward trend in production during first six months has been heartening. He further mentioned that MOIL team is geared up to achieve higher levels of production and sales in the coming months.

*****

दिनांक 07.10.2024

<u>मॉयल ने सितम्बर माह में सर्वश्रेष्ठ उत्पादन और बिक्री दर्ज की</u>

<u>अप्रैल-सितंबर 2024 के दौरान 7% उत्पादन वृद्धि हासिल की</u>

मॉयल ने अब तक के सितम्बर माह की तुलना में सितम्बर, 2024 में 1.46 लाख टन के सर्वश्रेष्ठ उत्पादन के साथ, अपनी विकास गति जारी रखी है। कंपनी ने चालू वित्त वर्ष (अप्रैल से सितंबर 2024) के पहले छह महीनों के दौरान 8.70 लाख टन का उत्पादन किया है, जो पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 7% अधिक है।

कंपनी ने सितंबर, 2024 में 1.59 लाख टन की सर्वश्रेष्ठ सितंबर माह की बिक्री भी हासिल की है। चुनौतीपूर्ण बाजार स्थितियों के बावजूद, अप्रैल-सितंबर 2024 के दौरान 7.51 लाख टन की बिक्री, पिछले वर्ष की इसी अवधि के लगभग समान स्तर पर है।

अन्वेषण पर अत्यधिक जोर देते हुए, मॉयल ने सितंबर, 2024 तक 50,222 मीटर की अन्वेषणात्मक कोर ड्रिलिंग की है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 1.4 गुना है।

मॉयल के सीएमडी श्री अजित कुमार सक्सेना ने बताया कि लगातार बारिश होने के बावजूद, पहले छह महीनों में उत्पादन में बढ़ोतरी, उत्साहजनक रही। उन्होंने यह भी बताया कि मॉयल की टीम आने वाले महीनों में उत्पादन और बिक्री के उच्च स्तर को हासिल करने के लिए तैयार है।

*****